परेशानी | बहोरीबंद क्षेत्र की 11 सूत्रीय मांगों को लेकर किसानों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

बिजली कटौती, फसल नुकसान से किसान परेशान

नवभारत, बाकल। कटनी जिले के बहोरीबंद क्षेत्र में किसानों एवं ग्रामीणों की विभिन्न समस्याओं को लेकर क्षेत्रवासियों ने मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन, कलेक्टर कटनी एवं अनुविभागीय अधिकारी बहोरीबंद को 11 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में भीषण गर्मी, बिजली संकट, पेयजल समस्या, किसानों की फसलों के नुकसान और अधूरे विकास कार्यों को लेकर तत्काल कार्रवाई की मांग की गई है। ज्ञापन में कहा गया है कि बहोरीबंद विकासखंड सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में वर्तमान समय में भीषण गर्मी के कारण आमजन, किसान और मजदूर वर्ग अत्यधिक परेशान है। लगातार हो रही बिजली कटौती एवं कम वोल्टेज की समस्या से लोगों का जनजीवन प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों ने क्षेत्र में निर्बाध एवं पर्याप्त विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग उठाई है। किसानों ने समर्थन मूल्य पर खरीदी के बाद भी कई किसानों को भुगतान नहीं मिलने का आरोप लगाते हुए शीघ्र भुगतान की मांग की है। साथ ही डीजल, पेट्रोल एवं रसोई गैस के बढ़ते दामों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा गया है कि यदि कीमतों में कमी नहीं की जाती तो कृषि उपज का समर्थन मूल्य बढ़ाया जाए, ताकि किसानों को लागत के अनुरूप लाभ मिल सके। ज्ञापन में रूपनाथ-बम्होरी-हथियाग़ढ़ मार्ग पर बीएसएनएल लाइन बिछाने के लिए खोदी गई नालियों को कई महीनों से खुला छोड़ने पर नाराजगी जताई गई है। ग्रामीणों का कहना है कि इससे आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। उन्होंने सड़क मरम्मत एवं जिम्मेदार अधिकारियों व ठेकेदारों पर कार्रवाई की मांग की है। इसके अलावा बहोरीबंद विकासखंड के पटीराजा, मसंधा एवं छपरी सहित अन्य गांवों में ओलावृष्टि से प्रभावित किसानों को मुआवजा एवं फसल बीमा योजना का लाभ दिलाने की मांग की गई है। क्षेत्र में मंडी, कोर्ट, रजिस्ट्रार कार्यालय एवं नगर परिषद कार्यालय शुरू करने की मांग भी प्रमुख रूप से उठाई गई है, जिससे लोगों को स्थानीय स्तर पर सुविधाएं मिल सकें। किसानों ने मूंग एवं उड़द की फसलों को अत्यधिक गर्मी से नुकसान होने की आशंका जताते हुए सिंचाई के लिए कम से कम 18 घंटे बिजली उपलब्ध कराने की मांग की है। आगामी खरीफ सीजन को देखते हुए पर्याप्त मात्रा में खाद एवं कृषि सामग्री समय पर उपलब्ध कराने की भी मांग की गई है। ज्ञापन में भीषण गर्मी और जल संकट के कारण पशु-पक्षियों एवं ग्रामीणों के सामने उत्पन्न पेयजल संकट का उल्लेख करते हुए तालाब एवं भूता टैंक का पानी सोहार नदी में छोड़े जाने तथा जरूरत वाले गांवों में टैंकरों के माध्यम से पेयजल उपलब्ध कराने की मांग की गई है। इसके साथ ही ग्रामीणों ने नल-जल योजना के अधूरे कार्यों को लेकर भी नाराजगी जताई। उनका आरोप है कि कई ठेकेदार पाइपलाइन डालने के लिए सड़कों की खुदाई कर कार्य अधूरा छोड़ चुके हैं, जिससे लोगों को परेशानी हो रही है। ऐसे ठेकेदारों को ब्लैकलिस्ट कर कठोर कार्रवाई की मांग की गई है। वही ज्ञापन के अंत में चेतावनी दी गई है कि यदि समय रहते इन समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो किसान, मजदूर और आमजन आंदोलन और सड़क पर उतरने के लिए बाध्य होंगे, जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

जनता के बीच जाकर बताएं सरकार की नाकामियां

पीसीसी चीफ ने महंगाई के मुद्दे पर सरकार को घेरा

नवभारत, कटनी। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी बुधवार को बहोरीबंद विधानसभा क्षेत्र के देवगांव पहुंचे। यहां पूर्व युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष मुकेश यादव की अगुवाई में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और स्थानीय ग्रामीणों ने उनका स्वागत किया। पटवारी ने इस दौरान भाजपा सरकार पर महंगाई के मुद्दे को लेकर निशाना साधा। जीतू पटवारी ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार ने लाडली बहना योजना के नाम पर महिलाओं को 1500 रुपए देकर उनके वोट तो ले लिए, लेकिन आज जनता ठगा हुआ महसूस कर रही है। जिस सरकार ने 1500 रुपए देने का वादा किया था, उसी के राज में लोगों को 1500 रुपए में रसोई गैस का सिलेंडर खरीदना पड़ रहा है। सरकार ने ये जनता की जेब पर डाका डाला है। पटवारी ने बुंदेलखंड की भूमि को क्रांतिकारियों और वीरों की जगह बताया, जिसने हमेशा अन्याय के खिलाफ आवाज उठाई है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से जनता के बीच जाकर सरकार की नाकामियों को उजागर करने और एक बड़े राजनीतिक और सामाजिक बदलाव की शुरुआत करने का आह्वान किया। इस दौरे के दौरान स्थानीय ग्रामीणों और किसानों ने प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी को अपनी समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने मुख्य रूप से खेती के समय पर्याप्त बिजली न मिलने, सोसायटियों में खाद की अनुपलब्धता, देवगांव और आसपास के क्षेत्रों में सड़कों की जर्जर स्थिति और पेयजल संकट जैसी समस्याओं का जिक्र किया। इस दौरान काफी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

एक नजर में

पॉलीटेक्निक कॉलेज के छात्रों का कैंपस में चयन

नवभारत, कटनी। शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में सत्र 2025-26 के दौरान कैंपस प्लेसमेंट के माध्यम से विद्यार्थियों को रोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त हुए हैं। इस सत्र में संस्था के कुल 178 विद्यार्थियों का चयन देश की विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों में हुआ है, जिससे संस्थान की शैक्षणिक गुणवत्ता और प्रशिक्षण व्यवस्था का सकारात्मक परिणाम सामने आया है। संस्था की सभी ब्रांच के विद्यार्थियों को प्लेसमेंट में सफलता मिली है। ब्रांचवार चयन की बात करें तो मैकेनिकल इंजीनियरिंग के 88, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के 62, सिविल इंजीनियरिंग के 18 और कंप्यूटर साइंस के 10 विद्यार्थियों का चयन हुआ है। चयनित विद्यार्थियों में वर्तमान सत्र के साथ-साथ वर्ष 2025, 2024 एवं 2023 में उत्तीर्ण कुछ भूतपूर्व विद्यार्थी भी शामिल हैं, जिन्होंने चयन प्रक्रिया में भाग लेकर सफलता हासिल की। महाविद्यालय में कैंपस प्लेसमेंट के लिए कई कंपनियों ने ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों माध्यमों से चयन प्रक्रिया पूरी की। कुछ कंपनियों ने संस्था में आकर सीधे इंटरव्यू आयोजित किए, जबकि अन्य ने ऑनलाइन टेस्ट और इंटरव्यू के माध्यम से उम्मीदवारों का चयन किया। अधिकांश विद्यार्थी जून 2026 में आयोजित होने वाली अंतिम सेमेस्टर परीक्षा में शामिल होंगे।

शराब का अवैध निर्माण रोकने ग्रामीणों ने सम्हाला मोर्चा

खाजरी गांव के ग्रामीणों ने नष्ट किया महुआ लाहन

नवभारत, कटनी। जिले के खाजरी गांव में अवैध शराब के निर्माण से नाराज ग्रामीणों ने ठिकानों पर छापेमारी की। ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर शराब बनाने के उपकरणों को तोड़ दिया और भारी मात्रा में कच्ची सामग्री नष्ट कर दी। जानकारी के अनुसार ग्राम खाजरी हार में लगातार हो रही शराब की बिक्री और निर्माण से स्थानीय निवासी लंबे समय से परेशान थे। काफी संख्या में एकत्रित होकर ग्रामीणों ने शराब माफिया के ठिकानों पर हमला बोला और वहां रखा लगभग 150 लीटर महुआ लहान मौके पर ही बहाकर नष्ट कर दिया। वहीं बाकल थाना प्रभारी दिनेश तिवारी ने बताया कि अवैध शराब निर्माण की सूचना मिलने पर पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची थी। पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से महुआ लहान और शराब बनाने की सामग्रियों को नष्ट कराया है। थाना प्रभारी ने आश्वासन दिया है कि क्षेत्र में अवैध शराब के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा। आरोप है कि अवैध शराब के कारण युवाओं का भविष्य बर्बाद हो रहा है और सामाजिक माहौल बिगड़ रहा है। सख्त कार्रवाई कर शराब के अवैध विक्रय पर पूरी तरह रोक लगाने की मांग कीगई है।

लक्ष्मण सागर तालाब की कराई गई सफाई, स्वच्छता का दिलाया संकल्प

गंगा दशहरा के अवसर पर की गई तालाब की सफाई

नवभारत,कटनी। अखिल विश्व गायत्री परिवार की टीम ने बिलहरी पहुंचकर, वहां के सबसे बड़े तालाब लक्ष्मण सागर को जल जागरुकता और जल स्रोतों की सफाई के लिए चुना । गांव वालों को इकट्ठा करके वहां की गंदगी जो कि जल को प्रदूषित कर रही थी, घाटों को गंदा कर रही थी, साफ सुथरा निर्मल बनाने में लग गए। सभी गांव वालों ने भरपूर सहयोग दिया। ग्राम वासियों ने संकल्प लिया कि लक्ष्मण सागर तालाब का जल गंगाजल के समान पवित्र बना कर ही रहेंगे । उन्होंने हर महीने इस तरह का बड़ा सफाई अभियान चलाने का संकल्प भी लिया । साफ - सफाई के पश्चात लोगों की एक गोष्ठी आयोजित की जिसमें साफ-सफाई का महत्व तथा अपने जल स्रोतों को किस तरह से साफ रखें । उसमें कचरा डालने वालों को किस तरह से मना करें व कचरे को जल में मिलने से किस तरह से बचाएं इस बात को समझाया गया। फिर गंगा जल के समान पवित्र जल की पूजा अर्चना की और लोगों को रोज सूर्य अर्घ देने की विधि प्रयोगिक रूप से लोगों को दिखाया और समझाया गया। लोगों को बताया कि आपकी साफ सफाई के बाद यह जल पहले जैसा हो जाएगा, जब आप इस जल से खाना बनाते थे, भगवान को नहलाते थे, मंदिर में इसका उपयोग होता था । इस तरह का पवित्र जल फिर से करने की जिम्मेदारी आप सभी बिलहरी वासियों की है । सभी ने संकल्प लिया कि हर महीने इस तालाब को पूरी तरह से साफ सुथरा रखा जाएगा। इस अवसर पर गायत्री परिवार के कमल राज अग्रवाल, लव सिंह चौहान, दहिया बाबूजी, राकेश निषाद, वेदांत निषाद, गजेंद्र चौरसिया सहित गायत्री परिवार के अन्य सदस्यों सहित काफी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

विधायक ने डीएमके के स्टॉलिन को भेजी रामायण और श्रीमद्भागवत

सनातन धर्म पर आपत्तिजनक बयान का किया विरोध

नवभारत,कटनी। भाजपा विधायक संजय पाठक ने अपने वादे के अनुसार सनातन को समझने के लिए तमिलनाडु के डीएमके नेता उदय निधि स्टालिन को 'रामायण' और श्रीमद भागवत गीता' भेजी है । बतादें कि सनातन धर्म के खिलाफ आपत्ति जनक टिप्पणी करने पर विधायक संजय पाठक द्वारा शिकायती पत्र लिखा गया था जिसे नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक, ब्राह्मण समाज अध्यक्ष राजू शर्मा सहित अन्य जागरूक नागरिकों द्वारा पुलिस अधीक्षक को सौंपा था जिसमें तमिलनाडु के डीएमके नेता पूर्व मुख्यमंत्री के पुत्र और विधायक उदयनिधि स्टालिन द्वारा 12 मई को अपने बयान में एक बार फिर सनातन धर्म को खत्म करने की मांग करने पर और उनके द्वारा पूर्व में सनातन धर्म की तुलना डेंगू मलेरिया सहित अन्य संक्रामक बीमारी से करने पर आपत्ति जताते हुए विधायक संजय पाठक द्वारा उदयनिधि स्टालिन के दावे कि 'सनातन धर्म लोगों को बांटता है ' वक्तव्य को अत्यंत आपत्तिजनक, भड़काऊ और असंवैधानिक बतातें हुए पुलिस अधीक्षक से कार्रवाई की मांग की थी इसी के साथ विधायक संजय पाठक द्वारा उदयनिधि स्टालिन को सनातन धर्म को समझने के लिए रामायण श्रीमद्भागवत भेंट करने लिए कहा था। इसी क्रम में विधायक संजय पाठक द्वारा ऑनलाइन स्टोर के माध्यम से रामायण और श्रीमद्भागवत गीता की एक-एक प्रति उदय निधि स्टालिन के निवास पर भेज दी है। विधायक संजय पाठक ने उदय निधि स्टालिन को पत्र के माध्यम से अपने संदेश में लिखा कि सनातन धर्म केवल पूजा-पाठ पद्धति नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक वैज्ञानिक और दार्शनिक पद्धति है। आप को भेजी दोनों पुस्तक सिर्फ सामान्य पुस्तकें नहीं हैं, बल्कि ये सनातन धर्म के पवित्र महाग्रंथ और साक्षात् ज्ञान का स्वरूप हैं। इनमें संपूर्ण मानव जीवन, धर्म, कर्तव्य और मोक्ष का दर्शन समाहित है। इनमें हिन्दू धार्मिक परम्पराओं और नैतिक शिक्षाओं का ज्ञान भी शामिल है।

संगठन मजबूत करने कांग्रेस ने वार्ड में गठित की कमेटी

घर-घर पार्टी की विचारधारा पहुंचाने का कार्य करेगी कमेटी

नवभारत, कटनी। रफ़ी अहमद किदवई वार्ड में वार्ड कांग्रेस कमेटी का गठन किया गया। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष अमित शुक्ला ने संगठन की मजबूती एवं जनसेवा के संकल्प को लेकर कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। उन्होंने कहा कि वार्ड स्तर पर संगठन को मजबूत करना कांग्रेस पार्टी की प्राथमिकता है और प्रत्येक कार्यकर्ता जनता की समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए पार्टी की विचारधारा को घर-घर तक पहुंचाने का कार्य करे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से ब्लॉक अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार गुप्ता, रमेश मिश्रा, रमेश अहिरवार, कैलाश कनौजिया, सुमन रजक, मोनू बर्मन, राकेश कोल सहित कांग्रेस कार्यकर्ता और वार्डवासी उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने नवगठित वार्ड कमेटी के पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए संगठन को और अधिक सशक्त बनाने तथा जनहित के मुद्दों पर सक्रियता से कार्य करने का आह्वान किया।

उल्लास और धूमधाम से निकाली गई कलश यात्रा

पिण्डरई में नौ दिवसीय वाल्मीक रामायण कथा शुरू

नवभारत, ढीमरखेड़ा। जिले के ग्राम पिण्डरई में 27 मई से सभी ग्रामवासियों के सहयोग से 9 दिवसीय वाल्मीकि रामायण कथा का आयोजन शुरू हो गया है। आयोजन के पहले दिन बुधवार को गांव में हर्षोल्लास और भक्तिमय माहौल में कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें पूरा गांव राममय नजर आया। कथा के शुभारंभ के अवसर पर आयोजित इस कलश यात्रा में समस्त ग्रामवासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पारंपरिक वेशभूषा में सजी मातृशक्ति सिर पर मंगल कलश धारण कर भजनों पर झूमती नजर आई। गाजे-बाजे, ढोल-धमाकों और भगवान श्रीराम के गगनभेदी जयकारों के साथ निकली इस भव्य कलश यात्रा का ग्रामीणों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। कथावाचक मानवेंद्र शास्त्री अपने मुखारविंद से वाल्मीकि रामायण की कथा का रसपान कराएंगे। आगामी 9 दिनों तक भगवान श्रीराम के आदर्शों, उनके जीवन चरित्र को संगीतमय प्रस्तुतियों के माध्यम से कथा वाचन करेंगे।

दूसरे दिन भी जारी रही महर्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय के खिलाफ हड़ताल

कर्मचारियों ने लगाया प्रबंधन पर मनमानी का आरोप

नवभारत,ढीमरखेड़ा। जिले के करौंदी स्थित महर्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय करौंदी में वेतन वृद्धि और श्रम अधिकारों को लेकर शुरू हुआ कर्मचारियों का आंदोलन अब बड़ा रूप लेता जा रहा है। कड़ाके की धूप और विपरीत परिस्थितियों के बीच आज दूसरे दिन भी कर्मचारियों का सामूहिक धरना प्रदर्शन जारी रहा। विश्वविद्यालय के श्रमिक, बस ड्राइवर, कंडक्टर और कंप्यूटर ऑपरेटर अपनी मांगों को लेकर परिसर में ही डटे हुए हैं, जिससे विश्वविद्यालय की कई मूलभूत व्यवस्थाएं और परिवहन सेवाएं पूरी तरह ठप हो गई हैं। हड़ताल के दूसरे दिन कर्मचारियों का गुस्सा विश्वविद्यालय प्रबंधन के प्रति साफ तौर पर देखा गया। कर्मचारियों का आरोप है कि आंदोलन के दूसरे दिन भी विश्वविद्यालय प्रबंधन का रुख बेहद निराशाजनक और संवेदनहीन रहा। कुलसचिव को सामूहिक आवेदन सौंपने के बावजूद अब तक प्रबंधन की ओर से चर्चा की कोई पहल नहीं की गई है। विश्वविद्यालय प्रशासन हमारी जायज मांगों को सुनने के बजाय आंखें मूंदे बैठा है। सालों से कम वेतन पर काम कर रहे श्रमिकों के पेट पर लात मारी जा रही है। प्रबंधन का यह अड़ियल रुख हमारी समस्याओं को सुलझाने के बजाय उन्हें और बढ़ा रहा है। इस पूरे घटनाक्रम में सबसे हैरान करने वाली बात स्थानीय प्रशासन की चुप्पी है। दो दिनों से विश्वविद्यालय में भारी संख्या में कर्मचारी धरने पर बैठे हैं, लेकिन स्थानीय प्रशासन या श्रम विभाग के किसी भी जिम्मेदार अधिकारी ने अब तक मौके पर पहुंचकर सुध नहीं ली है। कर्मचारियों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि प्रशासन की यह खामोश सहमति कहीं न कहीं प्रबंधन को बढ़ावा दे रही है, जबकि उन्हें श्रम कानूनों का उल्लंघन रोकने के लिए आगे आना चाहिए था।

कान्फ्रेसिंग | मुख्य सचिव ने वीडियो कान्फ्रेसिंग से की सरकारी योजनाओं की समीक्षा, खेती और खाद्य प्रसंस्करण के विकास पर विशेष ध्यान देने के निर्देश

आम जनता के कल्याण के कार्यों को दें सर्वोच्च प्राथमिकता, समय-सीमा में हो शिकायतों का निराकरण

नवभारत, कटनी। मुख्य सचिव अनुराग जैन ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से शासन की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। मुख्य सचिव ने कहा कि कलेक्टर्स सुशासन पर ध्यान दें। आमजनता के कल्याण के कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। सीएम हेल्पलाइन में दर्ज प्रकरणों का से निराकरण कराएं। कोई भी शिकायत 50 दिन से अधिक समय तक लंबित नहीं रहे। नामांतरण, बंटवारा और सीमांकन के सभी प्रकरण तय समय सीमा में निराकृत कराएं। इन प्रकरणों में समय सीमा में कार्रवाई नहीं करने वाले अधिकारियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करें। बारिश शुरू होने से पहले बाढ़ राहत और आपदा प्रबंधन की समीक्षा कर लें। अतिवृष्टि की स्थिति में राहत शिविर बनाने तथा बाढ़ से राहत और बचाव के सभी प्रबंध कर लें। किसी भी स्थिति में जन-धन की हानि न्यूनतम रखने का प्रयास करें। कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी कक्ष से कलेक्टर आशीष तिवारी, पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा वर्चुअली जुड़े रहे। इनके अलावा जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरसिमरनप्रीत कौर, निगमायुक्त तपस्या परिहार, डीएफओ गर्वित गंगवार, अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्रा, क्षेत्रीय प्रबंधक मध्य प्रदेश नागरिक आपूर्ति निगम साधना परस्ते, अन्य विभागों के जिला अधिकारी भी बैठक में वीडियो कांफ्रेंसिंग से जुड़े रहे। मुख्य सचिव ने कहा कि जिला सड़क सुरक्षा समिति की हर माह बैठक आयोजित करके यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित कराएं। सड़कों से ब्लैक स्पाट कम करने और दोपहिया वाहन में हेलमेट की अनिवार्यता से ही बड़ी संख्या में सड़क दुर्घटनाओं और उनमें होने वाली असयम मौतों को रोका जा सकता है। पिछले साल की तुलना में इस वर्ष के 9 महीनों में सड़क दुर्घटना, होने वाली मौत में कमी आई है। ई डॉर पोर्टल पर दुर्घटना की जानकारी तत्काल दर्ज कराएं। दुर्घटना होने पर प्रधानमंत्री राहत योजना से पीड़ितों को उपचार की नि:शुल्क सुविधा दें। राहवीर योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार कराएं। दुर्घटना पीड़ितों को समय पर मदद देकर हम उनकी जान बचाने का पुण्य कार्य करते हैं। कलेक्टर्स खनिज पदार्थों के अवैध उत्खनन और परिवहन पर कड़ी कार्रवाई करें। इन पर लगाए गए जुर्माने की राशि की कठोरता से वसूली करें। मुख्य सचिव ने कहा कि कलेक्टर खेती और उससे जुड़े विभागों की गतिविधियों की नियमित समीक्षा करें। मध्यप्रदेश की जीडीपी में खेती का योगदान पिछले 10 सालों में बढ़कर 43 प्रतिशत हो गया है। खेती के साथ-साथ पशुपालन और मछलीपालन का भी तेजी से विकास हो रहा है। मछलीपालन की केज कल्चर योजना में एक लाख 70 हजार से अधिक आवेदन पत्र मिले हैं। मछलीपालन बढ़ने के साथ-साथ इनके विपणन और सुरक्षित भण्डारण की भी व्यवस्था कराएं। खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मुख्य रूप से खेती पर ही आधारित हैं। स्वरोजगार योजनाओं के माध्यम से खाद्य प्रसंस्करण इकाईयों का निर्माण कराएं जिससे स्वरोजगार के अवसर मिलने के साथ-साथ किसानों को उनके उत्पादों के अच्छे दाम मिलें। खाद वितरण के लिए सभी जिलों में ई-विकास सिस्टम लागू कर दिया गया है। अब केवल ई-टोकन के माध्यम से ही खाद का वितरण कराएं। मुख्य सचिव ने कहा कि गेंहू का उपार्जन लगभग पूरा हो गया है। प्रदेश में एक लाख टन से अधिक उपार्जन हुआ है। उपार्जित गेंहू का तत्काल परिवहन कराकर सुरक्षित भण्डारण कराएं। किसानों को 5 जून तक उपार्जित गेंहू की राशि का शत-प्रतिशत भुगतान कराएं।

बगैर डॉक्टर की पर्ची के दवा दुकान संचालक नहीं बेचे कोडीन युक्त सीरप

नवभारत, कटनी। जिले में कोडीन युक्त कफ सिरप और नार्कोटिक्स औषधियों के बढ़ते दुरुपयोग पर अंकुश लगाने के लिए कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग ने इन दवाओं की थोक और खुदरा बिक्री के लिए मासिक सीमा तय कर दी है। साथ ही निर्देशित किया गया है कि कोई भी रिटेल दवा विक्रेता बिना डॉक्टर के वैध पर्चे के कोडीन या नार्कोटिक्स युक्त दवाएं नहीं बेचेगा। ड्रग इंस्पेक्टर सोनम जैन ने बताया कि निर्देशों के मुताबिक अब सीएंडएफ से थोक विक्रेता प्रति पैक साइज अधिकतम 1000 बोतल ही प्राप्त कर सकेंगे। वहीं थोक विक्रेता से फुटकर दवा विक्रेता एक माह में अधिकतम 50 बोतल तक ही खरीद और बिक्री कर सकेंगे। कोई विक्रेता या व्यक्ति तय सीमा से अधिक मात्रा में कोडीन युक्त दवाओं की खरीद-बिक्री करता है, तो इसकी जानकारी तुरंत औषधि निरीक्षक कटनी को ई-मेल या व्हाट्सएप के माध्यम से देना अनिवार्य किया गया है। विभाग को लगातार मिल रही शिकायतों के बाद यह भी स्पष्ट निर्देश जारी किए गए हैं कि कोई भी रिटेल दवा विक्रेता बिना डॉक्टर के वैध पर्चे के कोडीन या नार्कोटिक्स युक्त दवाएं नहीं बेचेगा। दवा देने के बाद संबंधित पर्चे पर मेडिकल स्टोर की सील, हस्ताक्षर और तारीख अंकित करना भी अनिवार्य होगा, ताकि एक ही पर्चे का बार-बार उपयोग रोका जा सके।